भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 4838
दिनांक 23 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: कुक्कुट पालन किसानों के लिए ऋण

4838. श्री ए॰ गणेशमूर्तिः
श्री ए॰ के॰ पी॰ चिनराजः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार इस तथ्य से अवगत है कि आहार की बढ़ती कीमत, मुर्गियों में फैलते अनेक रोगों और पेयजल समस्याओं इत्यादि के कारण कुक्कुट पालन कठिन व्यवसाय बन रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार को विशेषकर तमिलनाडु कुक्कट पालन संघों से कुक्कुट पालन उद्योग को कृषि ऋण की तर्ज पर शून्य प्रतिशत/ न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण स्वीकृति देने हेतु कोई प्रस्ताव/मांग प्राप्त हुई है या कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रस्ताव पर क्या कार्यवाही की गई है;

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और क्या भविष्य में उन्हें ऋण प्रदान करने के लिए ऐसे प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री
(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) और (ख) पशुपालन और डेयरी विभाग, मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय को कुक्कुट उद्योग एसोसिएशनों से अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं। जिसमें उन्होंने मक्का की कमी के बारे में सूचित किया है। जिस कारण कुक्कुट उद्योग कुक्कुट आहार को उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना कर रहा है। उन्होंने कुक्कुट किसानों के लिए गेंहू, चावल और प्रोटीन एवं ऊर्जा के अन्य स्रोत आवंटित करने का भी अनुरोध किया है। अनुरोध की प्राप्ति होने पर, विभाग ने उक्त को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु नोडल मंत्रालय को भेज दिया है। सरकार ने 15% कस्टम ड्यूटी की दर से टैरिफ रेट कोटा के अन्तर्गत चार लाख मीट्रिक टन मक्का के दाने के आयात की भी अनुमति दी है। भारतीय खाद्य निगम ने भी गैर-जारी होने वाले खाद्यान्नों के निस्तारण हेतु सीमित टेंडर जारी करना शुरू कर दिए हैं जिन्हें कुक्कुट आहार के लिए भी खरीदा जा सकता है।

(ग) और (घ) वर्तमान में शून्य ब्याज दर पर कोई ऋण सुविधा उपलब्ध नहीं है यहां तक कि कृषि क्षेत्र के लिए भी नहीं। कुक्कुट उद्योग से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि, कुक्कुट उद्योग से कुक्कुट पालन हेतु उपलब्ध ऋण के पुनर्भुगतान के लिए अधिस्थगन देने का अनुरोध किया गया है।

(ड.) और (च) ऐसे प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी विभाग के पास उपलब्ध नहीं हैं। ऐसा कोई प्रस्ताव, यदि प्राप्त होगा, तो उस पर सरकार की वर्तमान नीति के अनुसार विचार किया जाएगा।

*****